प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 15.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- घाटशिला उपचुनाव में झामुमो ने सोमेश सोरेन को बनाया प्रत्याशी, रांची में केंद्रीय समिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने की घोषणा।
- लोहरदगा में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित, केंद्रीय अपर सचिव ने स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और आयुष्मान कार्ड के सही उपयोग पर ध्यान देने के दिए निर्देश।
- रांची में बीआईटी मेसरा के दीक्षांत समारोह में सफल विद्यार्थियों को डिग्रियाँ और गोल्ड मेडल किए गए प्रदान, इसरो प्रमुख ने युवाओं को नवाचार और राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए किया प्रेरित।
- मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में आंशिक बादल और शुष्क मौसम की जताई संभावना।
- हॉकी इंडिया की 100वीं वर्षगांठ पर राज्य के सभी 24 जिलों में महिला–पुरुष हॉकी प्रतियोगिता होगी आयोजित, टीम सूची 19 अक्टूबर तक भेजना अनिवार्य।

****

झामुमो ने घाटशिला उपचुनाव के लिए सोमेश सोरेन को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। सोमेश सोरेन पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के बेटे हैं। रांची में हुई केंद्रीय समिति की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घोषणा के साथ पार्टी की चुनावी तैयारियों पर चर्चा की।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा द्वारा बाबूलाल सोरेन को प्रत्याशी बनाए जाने पर जमशेदपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि बाबूलाल सोरेन एक युवा और सक्रिय नेता हैं, जिनकी संथाल क्षेत्र में अच्छी पकड़ है, जिससे भाजपा को लाभ मिलेगा।

वहीं भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने घाटशिला उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत का दावा किया। सीता सोरेन ने कहा कि इस बार चुनाव एक जुटता के साथ लड़ा जा रहा है और परिणाम अप्रत्याशित होंगे।

****

लोहरदगा में केंद्रीय अपर सचिव कमल किशोर सोन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और आकांक्षी जिला एवं प्रखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। मौके पर उन्होंने हर परिवार को पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने और पीवीटीजी परिवारों को शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही दूषित जल से होने वाली बीमारियों की पहचान, पानी की जांच का प्रदर्शन और आयुष्मान कार्ड के सही उपयोग पर ध्यान देने को कहा।

****

हजारीबाग में राष्ट्रीय क्रेच योजना का शुभारंभ कर कामकाजी महिलाओं को बच्चों की देखभाल में सुविधा प्रदान की गई है। इस योजना के तहत 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों के लिए दिन में देखभाल की सुविधा उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की

निदेशक आराधना पटनायक ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास, पोषण और स्वास्थ्य सहायता के साथ–साथ माता–पिता को बेहतर बाल देखभाल के बारे में शिक्षित करना है।

****

रांची में बीआईटी मेसरा के दीक्षांत समारोह में सफल विद्यार्थियों को डिग्रियाँ और कुछ को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इसरो चेयरमैन वी नारायणन ने युवाओं को देश के नवनिर्माण और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया और भारत की तेजी से हो रही प्रगति का उल्लेख किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, जिससे पूरे देश को लाभ हो रहा है। वस्तु और सेवा कर सुधार के प्रभावों की कड़ी में आज प्रस्तुत है संशोधित दरों से नागालैंड में विभिन्न उद्योगों को मिलने वाली मजबूती के बारे में हमारे संवाददाता की रिपोर्ट –

****

चतरा जिले में बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का लाभ 9 हजार 479 लाभुकों को प्रदान किया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक रांची, हजारीबाग, बोकारो, गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार समेत राज्य के कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है, जबकि मौसम शुष्क रहेगा।

****

हॉकी इंडिया की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर 7 नवंबर को राज्य के सभी 24 जिलों में महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस आयोजन के लिए प्रत्येक जिला इकाई को पांच–पांच हजार रुपए सहायता राशि दी जाएगी।

****

रणजी ट्रॉफी में झारखंड और तमिलनाडु के बीच मुकाबले के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड ने 6 विकेट पर 307 रन बनाए। कप्तान ईशान किशन ने नाबाद 125 और साहिल राज ने नाबाद 64 रन की शानदार पारी खेली।

********समाप्त*********